# सीमेंट कम्पनी प्रबंधन की दबंगई के खिलाफ ग्रामीणों का महापड़ाव शुरू

## आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग व क्रेशर चलाने का विरोध, अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नं. दो पर ग्रामीणों ने महापड़ाव शुरू किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जोधपुरा-मोहनपुरा में मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग व क्रेशर चलाने के विरोध में शुक्रवार को जोधपुरा-मोहनपुरा संघर्ष समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नं. दो पर महापड़ाव शुरू किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा आबादी के नजदीक क्रेशर युनिट चलाने से ग्रामीण परेशान हैं व आबादी के निकट ब्लास्टिंग के धमाकों से ग्रामीणों के मकानों में दरारें पड़ गई है। इसी के साथ गांव मोहनपुरा (जोधपुरा) अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के लीज एरिया में आने से परेशानी ओर बढ़ गई है। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट ने गांव के 120 घरों का तो पुनर्वास कर दिया है बाकी लोगों को परेशान होकर अपने आप गांव से पलायन के लिये परेशान करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामीणों पर झूठे मुकदमे लगाये जा रहे हैं। रात्रि में गांव में क्रेशर चलाते हैं, ड्रोन से ग्रामीणों पर निगरानी रखी जाती है। परेशान धरनार्थियों ने 569 दिनों तक धरना प्रदर्शन के बाद शुक्रवार से अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नं. दो पर महापड़ाव शुरू किया है जो सुनवाई होने तक जारी रहेगा।



जोधपुरा-मोहनपुरा संघर्ष समिति ने ग्रामीणों के साथ रैली निकाली।

■ 'आबादी के निकट ब्लास्टिंग के धमाकों से ग्रामीणों के मकानों में दरारें पड़ गई है'

अध्यक्षता करते हुये प्रभुदयाल गुरुजी ने बताया कि शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए महापड़ाव में पहुंचे। शुक्रवार को महापड़ाव का ग्राम पवाना अहीर, शुक्लावास, सुन्दरपुरा, गोरधनपुरा, कंवरपुरा, बडनगर सहित दर्जनों गांवों के लोगों ने समर्थन दिया। इस दौरान पूर्व सरपंच सांवरमल शर्मा, पूर्व सरपंच एड. महेश यादव, पंसस प्रतिनिधि विक्रम सिंह कसाना, भगवती प्रसाद मीणा, शंकरलाल मीणा आदि ने भी अपना समर्थन दिया।

महापड़ाव में दो ग्रामीण महिलाओं की गर्मी की वजह से तबीयत बिगडने पर सीएचसी नारेहड़ा से मेडीकल टीम ने पहुंचकर प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में रैफर कर दिया। इस दौरान संघर्ष समिति के सचिव कैलाश यादव, भूपसिंह धानका, सतपाल यादव, मूलायम यादव, उमराव पोषवाल, समाजसेवी पूरण यादव, राकेश खोला, कमल जाट, ग्यारसी लाल आर्य, राधेश्याम खोला व रामवतार शर्मा समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

# जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग



जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ( दांये ) ने नई दिल्ली में केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ( बीच में ) से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी।

**शाहपुरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करते हुए उन्हें पुनः देश सेवा की जिम्मेदारियों के रूप में विभिन्न मंत्रालयों का पदभार मिलने पर शुभकामनाएं दी। वहीं केन्द्रीय रेलमंत्री से सांसद राव राजेंद्र सिंह ने जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग की।

भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह ने केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष जयपुर ग्रामीण लोकसभा के विभिन्न रेल स्टेशनों पर महत्वपूर्ण यात्री ट्रेन के ठहराव की मांगें रखी, जिनमें झालावाड़-कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस, लीलण एक्सप्रेस, जयपुर-मारवाड़ एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, नागपुर-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, अजमेर-अमृतसर, बिलासपुर-बीकानेर-जोधपुर, साबरमती-हरिद्वार, उदयपुर-दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस, शालीमार-मालानी एक्सप्रेस, फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस और उदयपुर-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेनों के लोकसभा क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर ठहराव की मांग रखी। जिस पर केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वासन दिया।

# बिजयनगर में बरसात से कई जगह जल भराव हुआ

## बारिश ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोली

**बिजयनगर, (निसं)।** शुक्रवार शाम लगातार दूसरे दिन हुई झमाझम बरसात से नागरिकों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। गुरुवार को करीब तीन इंच से अधिक बरसात हुई, इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने राहत महसूस की।

शहर में बापू बाजार, महावीर भवन, लक्ष्मी नारायण मंदिर, कृषि मंडी चौराहा, प्राइवेट बस स्टैंड, नाडी मोहल्ला, सिंधी कॉलोनी, राज नगर, तारों का खेड़ा, सुभाष नगर सहित विभिन्न जगहों में बरसात के पानी की समुचित निकास व्यवस्था नहीं होने से शहर में कई जगह पर जल भराव होने से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी। गुरुवार शाम हुई तेज बारिश ने पालिका प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। पालिका प्रशासन द्वारा बरसात से पूर्व शहर के निकास नालों की सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह बरसात का पानी जमा हो गया जिसके कारण नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी। गुरुवार देर रात तेज बारिश के चलते जगह-जगह हुए जल भराव का जायजा लेने उपखंड अधिकारी मसूदा बाढ़ राहत प्रभारी दीपेंद्र सिंह शेखावत शास्त्री कॉलोनी सहित विभिन्न जगहों पर पहुंचे।

नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक रोहित कुमार, जेसीबी चालक भागचंद, जमनालाल, परमेश्वर मय टीम के साथ शास्त्री कॉलोनी, सिन्धी कॉलोनी सहित कई जगह बरसात पानी की निकासी के प्रबन्ध किये। नागरिकों ने पालिका प्रशासन से शहर के पानी के निकास नालों की सफाई करवाने, पानी के क्षतिग्रस्त निकास नालों का शीघ्र निर्माण करने की मांग की है। बापू बाजार, लक्ष्मी नारायण मंदिर, महावीर भवन, मिल चौक, कृषि मंडी रोड, प्राइवेट बस स्टैंड सहित विभिन्न जगहों पर बरसात के पानी के साथ नालियों का गन्दा पानी सड़कों पर जमा होने से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी।



बिजयनगर में बरसात से बापू बाजार जलाशय बन गया।

# बी.एस.एफ. जवान से सचिवालय में नौकरी के नाम पर ठगी

**जोधपुर, (कासं)।** सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत जवान से उसके एक परिचित ने सचिवालय में अच्छी जान-पहचान बताकर नौकरी लगवाने के नाम पर 3.52 लाख रूपए ऐंठ लिए। उसके रिश्तेदार से भी रूपए ऐंठे गए। रिश्तेदार भी आर्मी मैस में लगा हुआ है। पीड़ित जवान की तरफ से अब परिचित व्यक्ति के खिलाफ मंडोर थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी गई है।

मूलतः सीकर के रिंगस स्थित जेतुसर हाल बालसमंद बीएसएफ मुख्यालय में लगे कमल किशोर यादव की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें पुलिस को बताया कि उसके एक परिचित जयपुर के शाहपुरा निवासी मनोज कुमार यादव नवंबर 2022 में उसके पास यहां जोधपुर आया था। उसने खुद को पुलिस में एसआई की परीक्षा के साथ आरएएस में पास होना बताते हुए सचिवालय जयपुर में पद स्थापित होने का बताया था। फिर कहा कि उसकी सचिवालय में अच्छी जान पहचान है। सचिवालय द्वारा समय समय पर सीधी नौकरी की भर्ती निकलती है। एक सीधी भर्ती नौकरी आई है, जिसके लिए 34 हजार 860 रूपए फीस लगती है और फिर नौकरी लग जाती है।

■ जवान और उसके रिश्तेदार भाई से 3.52 लाख रूपए ऐंठे, धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

पीड़ित कमल किशोर यादव ने रिपोर्ट में बताया कि वह मनोज कुमार यादव की बातों में आ गया और अपने चार रिश्तेदारों की नौकरी के लिए प्रत्येक के हिसाब से उसे 1 लाख 39 हजार 400 रूपए दिए थे। यह रूपए नवंबर 2022 को ही दिए गए थे। फिर पता लगा कि मनोज कुमार यादव ने परिवादी के बुआ के बेटे भाई सुरेश कुमार से जनवरी 23 में संविदा एवं नौकरी के नाम पर 2.13 लाख रूपए लिए हैं, मगर आरोपी मनोज कुमार आज तक ना तो कोई रसीद दी और ना ही कोई नौकरी लगवा पाया। उसने कुल मिलाकर 3 लाख 52 हजार 400 रूपए की ठगी कर ली।

## मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने रात्रि के समय मोटरसाइकिल पर सवार से शराब के लिए पैसे मांगने और आनाकानी करने पर मारपीट करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार प्रार्थी राकेश पिता नारायणलाल मीणा निवासी रीछा फला मछलैया थाना निठाउवा थाने पर उपस्थित होकर प्रकरण दर्ज करवाया कि वह व साथी सोहन पुत्र 21 जून को गुजरात अहमदाबाद से मोटरसाइकिल लेकर रीछा आने के लिये निकले थे। समय करीब 10 बजे शाम को पुराना बस स्टैण्ड पहुंचे जहां चाय-नाश्ता कर आगे की ओर बढ़े थे, कि अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में रोककर शराब के लिए पैसे मांगे। जब उन्हें मना करने पर मारपीट पर उतारू हो गये, जिससे हम दोनों ही जमीन पर गिर गये। जब हम उठते तब तक वे अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। इस घटना में राकेश के दाहिने हाथ व कंधे पर अन्दरूनी चोटें आईं व फ्रैक्चर हो गया। जबकि सोहन को भी अन्दरूनी चोटें आईं। दर्ज प्रकरण पर पुलिस ने दल का गठन कर ऐसे बदमाशों की सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर कमलेश पुत्र बाबूलाल हडात निवासी छेला खेरवाडा तथा राजेन्द्र पुत्र गोविन्द आमलिया निवासी रेंटा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

# जीप-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**मकराना, (निसं)।** मकराना में एक कमांडर जीप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जीप बाइक को 20 मीटर तक घसीटती हुई ले गई, जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। वहीं एक युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मकराना से मंगलाना की तरफ जा रही एक कमांडर जीप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। जीप बाइक को 20 मीटर तक घसीटती हुई ले गई। जिससे बाइक सवार मंगलाना निवासी राजू (23) पुत्र बिरमा भोपा, पायल (8) पुत्री विक्रम, बिरजुडी (24) पत्नी विक्रम और भेंरू (18) पुत्र दुर्गा भोपा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को आसपास के लोग एंबुलेंस से परबतसर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर इलाज के दौरान राजू भोपा की मौत हो गई।

■ हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हुये

वहीं तीन घायलों को गंभीर हालत में अजमेर रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद जीप चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस थाने के ड्यूटी ऑफिसर जगदीश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों के बयान लिए। इस दौरान घायल पायल का एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। बिरजुड़ी की हालत गंभीर है और वह बेहोश है। भैरू का भी एक पैर फ्रेक्चर हो गया। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर कर दिया है। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया और मौके से बाइक और जीप को जब्त कर चौकी में रखवाया है।

# अपहरण के मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

## पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो जब्त की

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के आंतरी कब्जे से गत दिनों एक युवक का अपहरण करने के आरोप में वरदा पुलिस ने अपहरण के मुख्य आरोपी सहित तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया तथा प्रयुक्त में ली गई बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आंतरी कस्बे में गत 21 जून अज्ञात बदमाशानों द्वारा विपिन पिता मोतीलाल डामोर निवासी आंतरी फला झालरी को सफेद बॉलरो गाडी मे डालकर अपहरण कर ले गये थे जिस पर उसकी पीडित मां ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की गभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर पीडित को दस्तयाब कर घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो को डिटेन किया जो मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार थाना हाजा पर गठीत टीम की गई। गठीत टीम द्वारा शुक्रवार को घटना का मुख्य आरोपी सुरेश उर्फ शैम्पु अहारी को इसकी बहन के घर नवाडेरा थाना कोतवाली से तथा घटना के साथी सुन्दर पुत्र शंकर खांट व साहिल उर्फ शैलु पिता विशाल खांट निवासी सांसरपुर फला आमलीफला को थाना चौरासी के अनपुरा गावं से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को आरोपी सुन्दर से जब्त कर ली है। उक्त आरोपी से पूछताछ जारी है।

## गर्भवती महिला की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** थाना क्षेत्र के पिपलादा गांव में एक गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हाजा कलासुआ ने बताया कि उसकी पत्नी रेखा कलासुआ गर्भवती है। उसके लास्ट महीना चल रहा था। गुरुवार रात करीब 10 बजे रेखा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर देर रात को उसे डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए, लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मां की मौत के साथ ही गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। इसके बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 31.72 लाख की ठगी

**डूंगरपुर, (निसं)।** विदेश में नौकरी देने के नाम पर एक युवक से 31 लाख 72 हजार की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने ठगी करने वाले 7 लोगों के खिलाफ नामजद दोवडा थाने में गुरुवार रात को मामला दर्ज कराया है।

बनकोडा निवासी दीपक पुत्र विनोद उपाध्याय ब्राइट वे इमिग्रेशन के नाम व शैली से मध्यम वर्ग के लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का कार्य करता है। जिसका सोशल मीडिया पर सुभाष नगर जयपुर निवासी राहुल व अजय से संपर्क हुआ। उनकी कंपनी के माध्यम से लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर वीजा दिलाने का विश्वास दिलाया। इस पर दीपक ने जयपुर स्थित कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इसके बाद दीपक को चंडीगढ़ की अभिलक्ष शर्मा व सुभाष नगर जयपुर निवासी रोहित नायर से फोन से संपर्क कराया।

उन्होंने कनाडा इमीग्रेशन लॉयर में स्वयं की दो कंपनियां के माध्यम से व्यवसाय का संचालन करना बताया। इनकी बातों में आकर दीपक ने चारों लोग सहित अभिलक्ष की पत्नी आकांक्षा शर्मा की जांच पड़ताल की। पता सही पाए जाने पर पीड़ित को विश्वास हो गया। इस पर आरोपियों ने षड्यंत्र पूर्वक मिलीभगत कर पीड़ित के ग्राहकों की वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के 15 लाख नकद देने की बात की। इस पर पीड़ित ने 13 जनवरी 2024 को स्काई सरफेज ट्रेवल्स कृष्णा सुभाष नगर जयपुर में जाकर आरोपी राहुल व अजय को तय राशि दी।

■ पीड़ित ने ठगी करने वाले सात लोगों के खिलाफ नामजद दोवडा थाने में मामला दर्ज कराया

पीड़ित से ग्राहकों को वीजा उपलब्ध कराने के नाम अलग-अलग दिन में 16 लाख 72 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किए। पीड़ित ने सभी आरोपियों से संपर्क किया लेकिन फोन बंद आया तो जयपुर ऑफिस पहुंचा तो यहां पर ताले नजर आने के बाद धोखाधड़ी का माजरा समझ में आया तो अन्य एजेंटों से इसकी जानकारी जुटाई तो संदीप नाम के युवक ने पीड़ित को वीडियो कॉल कर आरोपी राहुल व अजय को दिखाया और कहा कि मेरे रुपए वसूल होने के बाद आपके रुपए लौटा दूंगा कह कर फोन बंद कर दिया।

## नाबालिग लापता, मामला दर्ज

**अजमेर, (कासं)।** सराना थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव से 17 वर्षीय नाबालिग के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने गांव के एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने कहा कि नाबालिग अपने चाचा के साथ खरीददारी करने पास के ही गांव में गए थी, उसके बाद से ही गायब हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सराना थाने के उपनिरीक्षक व जांच अधिकारी जगदीश प्रसाद से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव निवासी पीड़ित पिता ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए नाबालिग बेटी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी चचेरे भाई के साथ पास के गांव में कपड़े व घरेलू सामान खरीदने के लिए गई थी। चचेरे भाई को बाजार से सामान लेने की बात कहकर निकली और वापस नहीं लौटी। पीड़ित पिता ने बताया कि नाबालिग पुत्री घर से चांदी की 500 ग्राम कनकती व 250 ग्राम के पायजेब, सोने का बोर व मंगल सूत्र भी पहन कर गई। उन्होंने गांव के एक युवक मुकेश भील पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद को सौंपी है।

# मॉल में आग की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे

## भीलवाड़ा शहर के डी मार्ट में ये मॉकड्रिल थी, सुरक्षा के इंतजाम जांचे गए

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सुखाड़िया सर्किल स्थित डी मार्ट में शुक्रवार सुबह आग की सूचना पर जिला कलेक्टर नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, नगर परिषद सभापति राकेश पाठक, एएसपी विमल नेहरा, नगर परिषद आयुक्त हेमाराम चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फायर बिग्रेड और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। मॉल में लगी आग पर समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। ऐसे में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही डी मार्ट प्रबंधन ने राहत की सांस ली। ऐसा हकीकत में नहीं हुआ बल्कि मॉल में असल में मॉकड्रिल कराई गई थी। मॉकड्रिल में सब व्यवस्था माकूल पाई गई। अधिकारी बेहतरीन व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए।

जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बताया कि फायर सिस्टम, एम्बुलेंस सहित सभी व्यवस्थाएं माकूल रही। आग की सूचना पर तत्काल सभी अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गए। डी मार्ट प्रबंधन की ओर से भी फायर सिस्टम सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं ठीक से मैनेज की गई। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि सभी विभाग जो नागरिक सुरक्षा से सबंधित है उन सबका कोर्डिनेशन, रेस्पॉस व तैयारी व जांचने के लिए सिक्योरिटी मॉकड्रिल कराई जाती है।



भीलवाड़ा शहर के डी मार्ट में प्रशासन ने मॉकड्रिल कराई।

इसी क्रम में शुक्रवार को डी मार्ट में मॉकड्रिल करवाई गई। यहां सब व्यवस्थाएं माकूल पाई गई। उधर मॉकड्रिल टीम ने डी मार्ट के सुरक्षा स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों, लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर, किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया। साथ ही अधिकारियों द्वारा ऐसी परिस्थिति में आमजन की सुरक्षा के संबंध में भी वहां के स्टाफ से बात की तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गये।